ब्रीफ न्यूज...

कई देशों के स्टार्टअप इकोसिस्टम को बौना बना देगा भारत

नयी दिल्ली/पीटीआई। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने कहा कि कई लोग भारत के अवसर को कम आंक सकते हैं लेकिन यह देश एक ऐसा मौका दे रहा है जो

कई दूसरे देशों के स्टार्टअप परिदृश्य को बौना साबित कर देगा। भारत वृद्धि के लिहाज से एक बड़ा अवसर पेश कर रहा है और भारतीय टेक स्टार्टअप कंपनियों के मूल्यांकन में वृद्धि जारी रहेगी। अगर हम अमेरिका, चीन या इंडोनेशिया सहित दुनिया के अन्य हिस्सों में हुई किसी भी परिघटना पर ध्यान दें, तो भारत एक ऐसा अवसर है जो कई दूसरे देशों के प्रौद्योगिकी या स्टार्टअप इकोसिस्टम को बौना बना देगा। भारतीय कंपनियां देश के महत्वपूर्ण बाजारों पर कब्जा करने के लिए सक्षम होने के बाद निश्चित रूप से इस देश से आगे बढ़ जाएंगी। भारत अभूतपूर्व प्रतिभा, अवसर, किफायत और बड़े फलक वाला देश है।

आने वाले 5-6 वर्षों में रेलवे अत्यधिक प्रोफिटेबल होगी

नयी दिल्ली/पीटीआई। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे अपनी मौजूदा परिवर्तनकारी पहलों के साथ आने वाले 5-6 वर्षों में अत्यधिक लाभदायक होगी। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा जताया किया कि आने वाले वर्षों में रेलवे के पास शानदार व्यावसायिक अवसर होंगे। रेलवे के पारिस्थितिकी तंत्र का विस्तार होगा और ग्राहकों का अनुभव भी बेहतर होगा। भारतीय रेलवे की वित्तीय स्थिति पर उन्होंने कहा कि इसकी बैलेंस शीट काफी हद तक मालभाड़े पर निर्भर करती है। जिस तरह के माल को हम संभालते हैं, उसे पूरी तरह से बदलना होगा। हमें खुदरा माल प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिए जो छोटे उद्योगों के लिए है, छोटे व्यवसायों के लिए, रांची में रहने वाले किसी आदिवासी के लिए, जो दिल्ली में बैठे किसी व्यक्ति को सामान भेजना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले सात वर्षों में रेलवे ने समय की पाबंदी, स्वच्छता और यात्रियों को अच्छी सेवाएं देने जैसे मानकों में उल्लेखनीय सुधार देखा है।

यश राज फिल्म्स के ओटीटी उद्यम के लिए 500 करोड़ के निवेश की योजना बनाई

मुंबई/पीटीआई। आदित्य चोपड़ा ने अपने बैनर यश राज फिल्म्स के ओटीटी उद्यम के लिए 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। अब उनकी निगाहें डिजिटल दुनिया पर टिकी हैं। लक्ष्य वाईआरएफके ओटीटी उद्यम के साथ डिजिटल कंटेंट बाजार को नया रूप देना है, जिसे वाईआरएफ एंटरटेनमेंट कहा जाएगा। फिल्मोद्योग के सूत्रों के अनुसार आदित्य चोपड़ा भारत में डिजिटल कंटेंट के उत्पादन के स्तर को ऊपर उठाने में योगदान देना चाहते हैं। यह वह क्षण हो सकता है जो ओटीटी स्पेस को हमेशा के लिए बदल देगा। वाईआरएफ की बड़ी योजनाएं हैं और वे जल्द ही अपनी रणनीति तैयार करेंगे।

यूट्यूब पर अब नहीं देख सकेंगे वीडियो पर कितने आए डिसलाइक

नई दिल्ली/आईएएनएस। यूट्यूब ने घोषणा की कि काउंट टू डिसलाइक बटन अब दर्शकों को नहीं दिखेगा। हालांकि, क्रिएटर यूट्यूब स्टूडियो में डिसलाइक की संख्या देख सकते हैं। यदि वे यह जानना चाहते हैं कि उनका कंटेंट कैसा प्रदर्शन कर रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हम यूट्यूब पर डिसलाइक की संख्या को निजी बना रहे हैं लेकिन डिसलाइक बटन हटा नहीं रहे हैं। यह बदलाव आज से धीरे-धीरे शुरू हो जाएगा। दर्शक अब भी वीडियो को डिसलाइक कर सकते हैं। वे अपनी सिफारिशों को ट्यून कर सकेंगे और निजी तौर पर क्रिएटर्स के साथ फीडबैक साझा कर सकेंगे। यूट्यूब ने अपने प्लेटफॉर्म पर एक नया न्यू टू यू टैब भी रोल आउट करना शुरू कर दिया है ताकि यूजर्स ऐसी सामग्री का पता लगा सकें जो होम फीड पर दिखाई देने वाली सामान्य सिफारिशों का हिस्सा नहीं है। नया टैब यूट्यूब होमपेज पर मोबाइल, डेस्कटॉप और टीवी डिवाइस पर उपलब्ध है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि हम न्यू टू यू के बारे में अधिक डिस्क्रिप्शन शेयर करने के लिए उत्साहित हैं। यह एक ऐसी सुविधा है जो आपको सामान्य रूप से देखे जाने वाले अनुशंसित वीडियो से परे नए क्रिएटर्स और नए कंटेंट को सर्च में मदद करती है। न्यू टू यू अब मोबाइल, डेस्कटॉप पर यूट्यूब होमपेज पर उपलब्ध है। इस फीचर से उन लोगों को लक्षित करके नए दर्शकों तक पहुंचने में मदद करने की उम्मीद है, जो उनकी कंटेंट में सबसे अधिक रुचि रखते हैं।

क्विक सर्विस रेस्तरां चेंस का फोकस Neighbourhood आउटलैट्स पर

■ **कन्ज्यूमर के पास यानि नेबरहुड में आना चाह रहे हैं और डिलीवरी सेंट्रिक आउटलैट्स पर फोकस कर रहे हैं**

नई दिल्ली/एजेंसी

मैक्डोनल्ड्स ने कस्टमर्स को टेबल्स पर सर्व करना शुरू किया है। ट्रेडीशनल सैल्फ सर्विस मॉडल के अलावा यह सर्विस की जा रही है। पश्चिमी और दक्षिणी भारत के करीब 80 आउटलैट्स पर सर्विस अवेलेबल है और आने वाले दो वर्षों में इसे सभी रेस्तरां तक एक्सटेंड किया जायेगा। केएफसी और पित्जा हट अपने आउटलैट साइज को छोटा कर रहे हैं और नेबरहुड लेवल पर विस्तार कर रहे हैं। कोविड पेंडेमिक के बाद क्विक सर्विस रेस्तरां चेन (क्यूएसआर) ने ऑपरेशंस और स्ट्रेटजीज में प्रमुख बदलाव किया है। अब वे कन्ज्यूमर के पास यानि नेबरहुड में आना चाह रहे हैं और डिलीवरी सेंट्रिक आउटलैट्स पर फोकस कर रहे हैं।

पश्चिमी और दक्षिणी भारत में मैक्डोनल्ड्स बिजनेस ऑपरेट करने वाली वेस्टलाइफ डवलपमेंट के वाइस चेयरमैन ने कहा है कि कोविड के दौरान कस्टमर्स ने डिजिटल कॉमर्स को सीरियस्ली लिया है। अब कस्टमर्स का फोकस कन्वीनियंस पर ज्यादा है। हमने कभी भी क्यूएसआर को टेबल सर्विस देते नहीं सुना है। लेकिन मैक इसे रिडिफाइन कर रही है। आने वाले दो वर्षों में यह विस्तार देखने को मिलेगा। आउटलैट्स पर कन्वीनियंस को महत्व दिया जा रहा है जैसे बैटर पेमेंट सिस्टम्स, सीमलैस एन्वायरमेंट, वन टच ऑर्डरिंग आदि।

गत वर्ष कोविड के कारण कन्ज्यूमर्स ने रेस्तरां, मॉल्स में आना एवॉइड किया तब क्यूएसआर ने फास्ट फूड डिलीवरी से ही सरवाइव किया। उदाहरण के लिए सैफायर फूड्स जो कि 500 केएफसी, पित्जा हट और टाको बैल चेन स्टोर्स ऑपरेट करती है ने कहा है कि गत 18 माह में उसका डिलीवरी बिजनेस 42 प्रतिशत बढ़ा है यानि कि डबल हो गया है।

उनके अनुसार ओवरऑल स्ट्रेटजी डाइन इन, टेकअवे और डिलीवरीज के माध्यम से बिक्री को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार आउटलैट साइज को कम किया जा रहा है और ओमनी चैनल पर फोकस है। करीब तीन वर्ष पूर्व की बात करें तो केएफसी की एवरेज आउटलैट साइज 2700 वर्गफीट होती थी लेकिन अब वे 1400 से 1500 वर्गफीट स्पेस में स्टोर ओपन कर रहे हैं। इसी प्रकार पित्जा हट आउटलैट्स की साइज भी 1200 वर्गफीट के करीब है। आउटलैट साइज को छोटा कर नेबरहुड एक्सपानशन पर फोकस बढ़ाया जा रहा है।

केएफसी और पित्जा हट एवरी थ्री किलोमीटर्स पर आउटलैट रोलआउट करने का प्लान कर रहे हैं। डॉमीनोज की भी यही स्ट्रेटजी है। डॉमीनोज 1450 आउटलैट्स के साथ वह ऑपरेट कर रही है और सभी स्टोर प्राइम लोकेशंस पर हैं। अब बिना प्राइम लोकेशंस के भी एक्सपानशन होगा। नेबरहुड स्टोर्स शुरू करने की प्लानिंग है। इसका कारण सिम्पल है, कन्ज्यूमर की कन्वीनियंस को अहम् माना जा रहा है।

वन प्लस...

वन प्लस नॉर्ड 2एक्स PAC-MAN एडीशन को देश में लांच किया गया है। प्राइस 37,999 रुपये है। **फोटो** IANS

गो फर्स्ट 32 डोमेस्टिक फ्लाइट्स शुरू करेगी

नई दिल्ली/एजेंसी। गो फर्स्ट एयरलाइन, जिसे पहले गोएयर के नाम से जाना जाता था, अपने घरेलू नेटवर्क का विस्तार करने के लिए 32 नई उड़ानें शुरू करेगी। एयरलाइन अपने डोमेस्टिक नेटवर्क में अमृतसर, सूरत, देहरादून और आइजोल को जोड़ेगी और ये हवाईअड्डे दिल्ली, मुंबई, श्रीनगर, बेंगलुरु, कोलकाता और गुवाहाटी के लिए सीधी उड़ानों से जुड़े होंगे, जिससे रीजनल कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

एयरलाइन ने कहा कि नए स्टेशनों के जुड़ने से इसकी मजबूत नेटवर्क क्षमता, महानगरों, शहरों के बीच बढ़ी हुई कनेक्टिविटी, ग्राहकों को अतिरिक्त विकल्प प्रदान करेगी।

गो फर्स्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि हमें विश्वास है कि इन नए डेस्टीनेशंस के जुड़ने से न केवल हमारा नेटवर्क मजबूत होगा, बल्कि ग्राहकों को महानगरों और अन्य महत्वपूर्ण शहरों और उससे आगे के लिए सीधी कनेक्टिविटी भी उपलब्ध होगी।

फेस्टिव सीजन के दौरान 9.2 बिलियन डॉलर की ऑनलाइन सेल हुई

नयी दिल्ली/एजेन्सी। देश में फेस्टिव सीजन के दौरान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर 9.2 अरब डॉलर (करीब 65 हजार करोड़ रुपये) की बिक्री हुई जो गत वर्ष के त्यौहारी सीजन में हुई कुल ऑनलाइन बिक्री से 23 प्रतिशत अधिक है। सलाहकार कंपनी रेडसीर ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

रेडसीर ने इस साल पूरे त्योहारी सीजन के दौरान ऑनलाइन मंचों से 9.6 अरब डॉलर का सकल माल मूल्य (जीएमवी) मिलने का अनुमात जताया है। इससे पिछले वर्ष यह 7.5 अरब डॉलर था। रेडसीर ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि नए मॉडलों की पेशकश और आसान वित्त विकल्पों से मोबाईल ऑनलाइन मंचों पर इस बार भी सबसे अधिक बिकने वाली उत्पाद श्रेणी बनी रही।

इस श्रेणी का कुल जीएमवी में एक तिहाई से अधिक का योगदान रहा। इसी तरह कोविड.19 के कारण लगाए गए लॉकडाउन के कई महीनों के बाद लोगों ने अब घरों से निकलना शुरू कर दिया है, जिससे फैशन श्रेणी में ऐसा सुधार पहले कभी नहीं देखा गया। वहीं दूसरी तरफ इस वर्ष घरेलू साज-सज्जा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी श्रेणियों में धीमी वृद्धि देखी गई।

इंडियन मार्केट में वापसी कर रही है आइवा

नयी दिल्ली/पीटीआई। जापान की इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी आइवा भारतीय बाजार में वापसी कर रही रही है। कंपनी ने भारत में नए सिरे से अपने उत्पाद पेश करने की योजना बनाई है। कंपनी शुरुआत में भारतीय बाजार में ऑडियो उपकरण और घरेलू इस्तेमाल के उपकरण (होम एप्लायंसेज) पेश करेगी। इसके अलावा कंपनी देश में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए जगह की तलाश कर रही है। आइवा इंडिया के प्रबंध निदेशक ने कहा कि हम सबसे पहले ऑडियो उत्पाद पेश कर रहे हैं। हाल ही में ऑडियो उत्पाद पेश किए हैं। इसके तहत प्रीमियम स्पीकर लांच किये गए हैं जिनकी कीमत 16,000 से 60,000 रुपये के बीच है। धीरे-धीरे हम अन्य श्रेणियों में भी अपने उत्पाद उतारेंगे। कंपनी बिजली से चलने वाले कई उत्पाद पेश करेगी और साथ ही टेलीविजन, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर जैसे घरेलू इस्तेमाल के कई उपकरणों का भारत में विनिर्माण करेगी। उन्होंने कंपनी के लक्ष्य को लेकर कहा हमारा इरादा अगले पांच साल में लगभग 7,500 करोड़ रुपये का कारोबार हासिल करने का है। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने उत्पादों का विस्तार करने के अलावा अपनी टीम को भी मजबूत करेगी। वर्ष 2022 तक पूरे देश में आइवा की टीम में 70-100 लोग शामिल हो सकते हैं। विनिर्माण संयंत्रों के लिए हम जगह की तलाश कर रहे हैं। कंपनी देश में नये सिरे से खुद को पेश करेगी और उत्पाद पेश करने के साथ खुद को स्थापित करने की कोशिश करेगी। आइवा भारतीय बाजार में आइवा इंडिया सेल्स एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से परिचालन कर रही है।

Data Insights

Compiled by Nafanuksan Research

Share of Coal in Primary Energy Consumption (%)

Country	2005	2009	2014	2020
US	24	22	19	10
China	73	72	66	57
Germany	24	23	25	15
Japan	21	22	26	27
India	54	55	58	55
World	29	30	30	27
OECD	20	19	19	13
Non-OECD	38	40	39	37
EU	17	16	17	11

Source: BP Statistical Review of World Energy, 2021 and authors' own calculations

चिप की कमी गेमिंग शॉपिंग को कर सकती है प्रभावित

नई दिल्ली/एजेंसी

ग्लोबली चिप की कमी और सप्लाई कई तकनीकी कंपनीयों, विशेषकर गेमिंग कंपनियों के लिए क्रिसमस की खरीदारी को प्रभावित कर सकती है। यह सिर्फ सोनी और माइक्रोसॉफ्ट के नेक्स्ट जनरेशन कंसोल नहीं हैं, जिन्हें खरीदना मुश्किल हो सकता है बल्कि कई टेक कंपनियां भी इसे प्रभावित कर रही हैं। जापानी दिग्गज निन्टेंडो ने श्वैश्विक सेमीकंडक्टर की कमी के प्रभावों के कारण वित्तीय वर्ष के लिए अपने स्विच बिक्री पूर्वानुमान को 1.5 मिलियन कम कर दिया है। निन्टेंडो के टेक्नोलॉजी डवलपमेंट डिवीजन के जीएम के अनुसार, कंपनी वैकल्पिक घटकों का मूल्यांकन और डिजाइनों की समीक्षा कर रही है। गेमिंग दिग्गज अपने कंसोल व्यवसाय पर बहुत अधिक निर्भर रहती है। निन्टेंडो ने कहा अद्वितीय एकीकृत हार्डवेयर-सॉफ्टवेयर उत्पाद बनाने की मूल अवधारणा के आसपास अपने व्यवसाय का विस्तार जारी रखने की योजना बना रहा है। सोनी कथित तौर पर प्ले स्टेशन 5 कंसोल बनाने के लिए संघर्ष कर रहा है। उसने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने उत्पादन पूर्वानुमान को कम कर दिया है। माइक्रोसॉफ्ट के एक्सबॉक्स प्रमुख फिल स्पेंसर ने पहले ही चल रही कमी की चेतावनी देते हुए कहा है कि एक्सबॉक्स आपूर्ति के मुद्दे वर्ष 2022 तक रहेंगे। इंटेल के सीईओ ने कहा है कि वैश्विक चिप की कमी लंबे समय तक बनी रहेगी, जो कम से कम वर्ष 2023 तक विस्तारित होगी।

श्री कल्याण होल्डिंग्स लिमिटेड
CIN: L67120RJ1993PLC061489
पंजीकृत कार्यालय : बी-19, लाल बहादुर नगर, मालवीय नगर, जयपुर-302017 (राजस्थान),
फोन व फैक्स: 0141-4034062, वेबसाईट: www.shrikalyan.co.in, ई-मेल: shrikalyan25@hotmail.com

30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के लिए गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार (रु. लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.09.2021 गैर अंकेक्षित	समाप्त वार्षिक वर्ष 31.03.2021 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 30.09.2020 गैर अंकेक्षित
1.	परिचालनों से कुल आय (शुद्ध)	50.20	218.60	52.83
2.	अवधि का शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले)	9.13	(12.17)	(4.64)
3.	कर के पहले शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण वस्तुओं के बाद)	9.13	(12.17)	(4.64)
4.	कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं के बाद)	9.13	(8.96)	(4.64)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/हानि (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करते हुए]	9.13	(8.96)	(4.64)
6.	समता अंश पूंजी	997.45	997.45	997.45
7.	रिजर्व (पूर्व लेखा वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पूनर्मूल्यांकन रिजर्व के अतिरिक्त)	-	-	-
8.	आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) रुपये में			
	मूल	0.01	(0.01)	(0.05)
	तरल	0.01	(0.01)	(0.05)

टिप्पणी : (अ) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं डिस्क्लोजर आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट www.bseindia.com तथा कम्पनी की वेबसाईट www.shrikalyan.co.in पर उपलब्ध है। (ब) 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त हुए तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की समीक्षा एवं सिफारिश लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई एवं 12 नवम्बर, 2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।

वास्ते श्री कल्याण होल्डिंग्स लिमिटेड
हस्ता./- राजेन्द्र कुमार जैन
अध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक (DIN:00168151)

स्थान : जयपुर
दिनांक : 12 नवम्बर, 2021

एसआरजी हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड
CIN NO: L65922RJ1999PLC015440
पंजीकृत कार्यालयः 321 एसएम लोढ़ा कॉम्पलेक्स, शास्त्रीसर्कल के पास, उदयपुर (राजस्थान) -313001
टेलीफोन : 0294-2561882, WEBSITE: www.srghousing.com, ई-मेल info@srghousing.com

30 सितम्बर 2021 को समाप्त तिमाही एवं छमाही के लिये गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणाम का विवरण
(रूपये - लाखों में)

विवरण	तिमाही की समाप्ति तक 30-09-2021	छमाही की समाप्ति तक 30-09-2021	तिमाही की समाप्ति तक 30.09.2020	वार्षिक समाप्ति तक 31.03.2021
	गैरअंकेशित			अंकेक्षित
परिचालनों से कुल आय (शुद्ध)	2,047.04	3,805.01	2,023.15	7,666.80
अवधि में कर से पहले शुद्ध लाभ या हानि (असामान्य और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले और बाद में)	722.64	1,227.13	736.04	2,377.44
अवधि में शुद्ध लाभ या हानि कर की गणना के पश्चात् (असामान्य और/ या असाधारण वस्तुओं के बाद में)	571.00	978.82	597.63	1,883.38
अवधि के लिए कुल व्यापक आय	571.34	979.51	596.29	1,874.89
समता अंश पूंजी	1300.00	1300.00	1300.00	1300.00
रिजर्व (पिछले वित्तीय वर्ष के तुलन पत्र के अनुसार पूनर्मल्यांकन रिज़र्व के अतिरिक्त	8061.07	8061.07	6,185.59	8061.07
आय प्रति शेयर (प्रति 10 रू.) बुनियादी एवं मिश्रित	4.39	7.53	4.60	14.49
बकाया प्रतिदेय वरीयता शेयर'	-	-	-	-
डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व	-	-	-	-
नेट वर्थ	9,361.07	9,361.07	7485.59	9,361.07
पेड-अप डेट कैपिटल/बकाया ऋण	29,643.65	29,643.65	28,407.16	28577.53
ऋण इक्विटी अनुपात	2.87	2.87	3.37	3.05
कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व'	-	-	-	-
ब्याज सेवा कवरेज अनुपात'	1.96	1.82	1.93	1.77
कर्ज सेवा कवरेज अनुपात'	0.40	0.37	0.95	0.55

टिप्पणीः अ) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं प्रकटीकरण आवष्यकता) रेग्यूलेशन 2015 के विनियमन 33 एवं 52 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं छमाही गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूपों का सार है। 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त हुई तिमाही एवं छमारी गैरअंकेक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप बीएसई की वेबसाईट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाईट - www.srghousing.com पर उपलब्ध है।
ब) सेबी (सूचीबद्वता एवं प्रकटीकरण आवश्यता) रेग्यूलेशन 2015 के विनियमन 52 (4) के उप-खड (ए), (बी), (डी) और (ई) में उल्लिखित वस्तुओं के लिए, 2015 के प्रासंगिक विवरण बीएसई पर दिये गये है। बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर देख सकते है।
स) एमसीए ने 18 जून 2017 को निजी तौर पर रखे गये डिबेंचर के संबंध में डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व बनाने से नेशनल हाउसिंग फाईनेंस कंपनी को छूट दी है।

एसआरजी हाउसिंग फाईनेन्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरित/-
विनोद कुमार जैन
प्रबंध निदेशक (DIN-00248843)

स्थान :उदयपुर
दिनांक- 12.11.2021

बीके निर्यात लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय :एसपी-825, रोड नं. 14, वीकेआई एरिया, जयपुर-302013
मुख्य व्यावसायिक कार्यालयः 9, हंगरफोर्ड स्ट्रीट, कोलकाता-700017
फोन: 033-2280-4442; फैक्स: 033-30235391; E: beekayniryat1975@gmail.com; CIN: L67120RJ1975PLC045573; W: bkn.bajoriagroup.in

30 सितम्बर, 2021 को समाप्त तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के लिए गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विवरणों का सार (राशि लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	समाप्त तिमाही 30.09.2021 गैर अंकेक्षित	समाप्त अर्द्धवार्षिक वर्ष 30.09.2021 गैर अंकेक्षित	समानान्तर समाप्त तिमाही 30.09.2020 गैर अंकेक्षित
1.	परिचालन से शुद्ध आय	-	-	-
	अन्य आय	0.83	1.31	2.73
	कुल राजस्व	0.83	1.31	2.73
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर, असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से पहले)	(2.84)	(8.62)	(3.20)
3.	कर के पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/ या असाधारण वस्तुओं से बाद)	(2.84)	(8.62)	(3.20)
4.	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और / या असाधारण वस्तुओं से बाद)	(2.84)	(8.62)	(3.20)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि के लिए लाभ/हानि) (कर के बाद) एवं अन्य व्यापक आय (कर के बाद)	(2.84)	(8.62)	(3.20)
6.	समता अंश पूंजी	768.42	768.42	768.42
7.	रिज़र्व (पिछले वर्ष की अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाये अनुसार पूनर्मूल्यांकन रिज़र्व के अतिरिक्त)	-	-	-
8.	आय प्रति शेयर (रु. 10/- प्रति का) (संचालन जारी रखने और बंद करने के लिए)			
	1. मूल	(0.04)	(0.11)	(0.04)
	2. तरल	(0.04)	(0.11)	(0.04)

टिप्पणी :
(क) उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीबद्धता एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज के पास दाखिल की गई तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का संपूर्ण प्रारूप बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाईट (www.bseindia.com) तथा कम्पनी की वेबसाईट (bkn.bajoriagroup.in) पर उपलब्ध है।
(ख) 30 सितम्बर, 2021 को समाप्त हुए तिमाही एवं अर्द्धवार्षिक वर्ष के उपर्युक्त गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणाम की समीक्षा एवं सिफारिश लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई एवं 12 नवम्बर, 2021 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया।
(ग) पिछली अवधियों/ वर्षों के आंकडों को जहां भी आवश्यक समझे गये है, उन्हे पुनः व्यवस्थित/ पुनर्वर्गीकृत किया गया है।

वास्ते बीके निर्यात लिमिटेड
हस्ता./-
पूजा बाजोरिया
(अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक) DIN: 07018123

स्थान : जयपुर
दिनांक : 12.11.2021

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक
(एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक)
हेड ऑफिस : जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लि., द फेचरे, ग्राउंड व पहली मंजिल, सर्वे नंबर 10/1, 11/2, 12/2 बी, ऑफ डोमलूर, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनस पार्क के पास, चल्लघट्टा, बेंगलोर-560071

सोने के जेवरातों की नीलामी की सूचना

निम्न उल्लेखित उधार लेने वालों ने कई बार याद दिलाने के बावजूद तय समय में अपने लोन का पुनर्भुगतान कर सोने के जेवरातों को रिडीम नहीं कराया है। इनके ऋण खातों के तहत गिरवी रखे सोने के जेवरातों को सार्वजनिक/ऑनलाइन/निजी नीलामी के जरिए 15-11-2021 को सुबह 10:30 बजे बैंक की शाखा व ऑनलाइन ऑक्शन टाइगर पर बेचा जाएगा। इस नीलामी में शामिल होने की इच्छा रखने वाले बैंक शाखा में संपर्क कर सकते हैं। बगैर कारण बताए किसी भी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार बैंक का होगा। ध्यान दें कि यदि नीलामी उक्त दिन पूर्ण नहीं होती है तो समान शर्तों पर यह आगे के दिनों में जारी रहेगी। यदि ग्राहक की मृत्यु हो चुकी है तो नीलामी से संबंधित सभी शर्तें उसके नॉमिनी/कानूनी वारिस पर लागू होंगी। ऋण लेने वालों को सूचित किया जाता है कि वह नीलामी की तारीख से पहले ब्याज समेत संबंधित खर्चों का भुगतान बैंक को कर दे अन्यथा गिरवी रखे सोने के जेवरातों को बेच दिया जाएगा व शेष राशि, यदि कोई हो तो, की रिकवरी ब्याज व लागत के साथ की जाएगी। किसी भी सवाल व शर्तों के संबंध में बैंक शाखा में संपर्क किया जा सकता है। बैंक शाखा के पते के लिए www.janabank.com देखें।

क्रमांक	लोन अकाउंट नंबर	उधार लेने वाले का नाम	गिरवी रखे सोने के जेवरातों का सकल वजन
1.	46788740000263	कालूराम शर्मा	106.2
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, रावत कॉम्प्लेक्स, रावन गेट कॉम्प्लेक्स के पास, चौमूं-303702, भारत		
2.	46758740000116	धर्मेश कुमार	22.13
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, नंबर 17, 20, बाचारी, कृष्णा टॉकिज रोड़, बैंक गली, कोटपूतली -303108, भारत		
3.	30898740000023	भीमा ना	54.7
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, दूसरी मंजिल, बालाजी टॉवर, बाल मंदिर मार्ग, मकान नं 34 व 35, सैंदड़ा रोड़, ब्यावर, अजमेर-305901, भारत		
4.	46798740000150	रामप्रकाश	162.892
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, डीडवाना रोड़, करनी पेट्रोल पंप के पास, कुचामन -341508, भारत		
5.	45918740000355	महावीर भारती	56.12
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, प्लॉट नंबर, 87-बी/4, बछराज जी का बाग, सरदारपुरा, चौपासनी रोड़, जोधपुर-342001, भारत		
6.	30288740000424	कमलेश पिपलोदा	15.59
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, नंबर 101-102, पहली मंजिल, गुमान टॉवर-2, ए ब्लॉक, वैशाली नगर, जयपुर -302021, भारत		
7.	30178740000231	आशीष वर्मा	7.29
8.	30178740000395	विमला जी	12.03
	जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 101-102-112 व 113, ब्रिज अनुकंपा टॉवर, के-13, अशोक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर -302001, राजस्थान		

स्थान : राजस्थान
दिनांक : 13.11.2021
हस्ताक्षर/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड